क्रं..— 1390 / EOI / 2025—26 रायपुर ,दिनांकः 19.01.2026

# पं. जवाहर लाल नेहरू स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय, रायपुर (छ.ग.)

## वित्तीय वर्ष 2025—26

निविदा जमा की अंतिम तिथि 06 / 02 / 2026 समय अपरान्ह 03:00 बजे तक

निविदा खोलने की तिथि 06 / 02 / 2026 समय सायं 04:00 बजे

# कार्यालय अधष्ठिाता
# पं. जवाहर लाल नेहरू स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय रायपुर (छ.ग.)

## रूचि की अभिव्यक्ति आमंत्रण सूचना

पत्र क्रं.– 1390 /निविदा/2025–26 रायपुर,दिनांक 19 /01/ 2026

चिकित्सा महाविद्यालय रायपुर में अध्ययनरत् विद्यार्थियों/स्टाफ के लिए महाविद्यालय भवन में स्थित लगभग 1300 स्क्वेयर फीट के कक्ष में **जिम स्थापित** करने हेतु इच्छुक प्रतिष्ठित कम्पनी/संस्थानों/फर्म आदि से **Expression Of Interest** का प्रस्ताव आमंत्रित की जाती है । अधिक जानकारी एवं निविदा प्रपत्र महाविद्यालय के वेबसाईट www.ptjnmcraipur.in से डाउनलोड कर प्राप्त किया जा सकता है।

निविदा जमा की अंतिम तिथि 06/02/2026 समय अपरान्ह 03:00 बजे तक
निविदा खोलने की तिथि 06/02/2026 समय सायं 4:00 बजे

**स्थान** : अधिष्ठाता कार्यालय, पं.ज.ने. स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय, रायपुर (छ.ग.)

**अधिष्ठाता**
**पं.ज.ने.स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय**
**रायपुर (छ.ग.)**

# पं. जवाहर लाल नेहरू स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय, रायपुर (छ.ग.)

## EOI प्रस्तुत करने के लिए सामान्य शर्ते :–

**1.** चिकित्सा महाविद्यालय रायपुर में अध्ययनरत् विद्यार्थियों/स्टाफ के लिए स्वशासी मद मे प्रावधानित **राशि रू 40.00 लाख** मे से महाविद्यालय भवन में स्थित लगभग 1300 स्क्वेयर फीट कक्ष में **जिम स्थापित** करने हेतु इच्छुक प्रतिष्ठित कम्पनी/संस्थानों/फर्म आदि से **Expression Of Interest** का प्रस्ताव दिनांक 06.02.2026 दोपहर 3.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है।

**2.** निविदा प्रपत्र महाविद्यालय की वेबसाईट www.ptjnmcraipur.in से डाउनलोड किये जायेगें।

**3.** प्रत्येक निविदा के साथ "अधिष्ठाता, पं.जवाहर लाल नेहरू स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय,रायपुर (छ.ग.)" के नाम पर देय धरोहर राशि (EMD) रूपये 50,000.00 (रू पचास हजार मात्र ) राष्ट्रीयकृत बैंक का बैंक ड्राफ्ट संलग्न करना अनिवार्य है। यह धरोहर राशि वापसी योग्य है।

**4.** सफल निविदाकर्ता को EMD की राशि कार्य पूर्ण होने के पश्चात् ही वापस की जावेगी। शेष निविदाकर्ता के EMD निविदा अवधि पूर्ण होने पर 15 दिवस के भीतर वापस की जावेगी।

**5.** EMD के संबंध में अंतिम निर्णय अधिष्ठाता महोदय का सर्वमान्य होगा।

**6.** केवल वे ही प्रतिष्ठित कम्पनी/संस्थानों/फर्म निविदा में भाग ले सकेंगें जो निम्नलिखित शर्तों को पूरा करते हो–

- 6.1 फर्म के द्वारा विश्वविद्यालय/महाविद्यालयों/ शैक्षणिक संस्थानो में GYM स्थापना का अनुभव होना अनिवार्य है।
- 6.2 फर्म के पास GYM उपकरणों की Authorised Dealership होना अनिवार्य है।
- 6.3 फर्म का पिछले तीन वित्तीय वर्षों (2022–23, 2023–24,2024–25) में वार्षिक टर्न ओवर का औसत कम से कम राशि रूपये 50.00 लाख का हो।
- 6.4 फर्म का छ.ग. जीएसटी पंजीयन जीवित होना अनिवार्य है।
- 6.5 फर्म के द्वारा स्थापित किए हुए कम से कम 02 GYM वर्तमान मे क्रियाशील होना अनिवार्य है जिसका अवलोकन महाविद्यालय के गठित समितियों द्वारा किया जा सके।

**7.** निविदा "तीन सील्ड लिफाफा पद्धति" के अनुसार महाविद्यालय कार्यालय में जमा किये जायेंगे। इसमें सील्ड लिफाफा 1, 2 को एक बड़ा लिफाफा में रखकर सील्ड करके बड़े लिफाफा के ऊपर स्वच्छ अक्षरों में '' **जिम स्थापित** करने हेतु **Expression Of Interest** " अनिवार्यतः अंकित होना चाहिए।

अ. **सील्ड लिफाफा क्रमांक–1** : इसमें निविदाकर्ता के द्वारा निम्न दस्तावेज रखा जावे :–

1. निविदाकर्ता का स्वहस्ताक्षरित आवेदन प्रपत्र। **(Annexure -01)** आवेदन शुल्क राशि रू. 1000.00 का बैंक ड्राफ्ट रखा जायेगा।
2. धरोहर राशि रू. 50,000 (शब्दों में रू. पचास हजार मात्र) का बैंक ड्राफ्ट।

ब. **सील्ड लिफाफा क्रमांक–2** Technical Bid : इसमें निविदाकर्ता के द्वारा निम्न दस्तावेज रखा जावे :–

1. छ.ग. जीएसटी वैध पंजीकरण प्रमाण पत्र की स्वप्रमाणित छायाप्रति।
2. PAN की स्वप्रमाणित छायाप्रति।
3. पिछले तीन वर्षों (2022–23, 2023–24, 2024–25) का ऑडिटेट बैलेंसशीट, सहित इंन्कम टैक्स रिटर्न की स्वहस्ताक्षरित छायाप्रतियां संलग्न करना होगा।
4. पिछले तीन वर्षो (2022–23, 2023–24, 2024–25) का चार्टड एकाउंटेट द्वारा प्रमाणित Turn Over Certificate ।
5. प्रस्तावक को **Annexure-03** के अनुसार नोटरी (रूपये 100/–) द्वारा सत्यापित शपथ पत्र।
6. महाविद्यालय के द्वारा प्रस्तावित **GYM** के लिए चिन्हांकित स्थल पर निविदाकर्ता के द्वारा स्थापित करने वाले उपकरणों की जानकारी **Annexure -05** में संलग्न करें ।

इस लिफाफे के ऊपर **जिम स्थापित करने हेतु तकनीकी बिड** अंकित किया जावे ।

**नोट :– संलग्न बैंक ड्रॉफ्ट किसी भी राष्ट्रीकृत बैंक के द्वारा अधिष्ठाता, पं.ज.ने. स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय, रायपुर, (छ.ग.) के नाम से बना होना चाहिए।**

इस लिफाफे के ऊपर **जिम स्थापित** करने हेतु Technical Bid अंकित किया जावे ।

लिफाफा क्र. 1 एवं 2 को एक बड़े लिफाफे में सील्ड करके **''GYM स्थापना हेतु EOI ''** अंकित करते हुए अंतिम तिथि दिनांक 06/02/2026 समय अपरान्ह 03:00 बजे तक निम्नांकित पते पर अनिवार्यतः रजिस्टर्ड पोस्ट/स्पीड पोस्ट/कुरियर/कर्मचारी द्वारा प्राप्त हो जाना चाहिए। विलंब से प्राप्त हुई निविदायें मान्य नहीं होंगी । इसकी पूर्णतः जवाबदारी निविदा प्रस्तुतकर्ता फर्म की होगी :–

**"कार्यालय अधिष्ठाता"**
**पं.जवाहर लाल नेहरू स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय**
**जेल रोड़,रायपुर (छ.ग.), 492001**

**निविदाकर्ता (हस्ताक्षर एवं सील)**

**8. मूल्यांकन एवं चयन प्रक्रिया–**

1. सर्वप्रथम लिफाफा क्र. 01 खोले जाएगें। लिफाफा क्रमांक 01 में EMD व आवेदन शुल्क की डी.डी. प्राप्त होने के पश्चात् उल्लेखित Technical Bid के लिफाफे खोले जावेंगे ।
2. जो प्रस्तावको/ निविदाकर्ता तकनीकी दस्तावेजो के आधार पर योग्य होंगे उन्हें GYM स्थापना संबंधी कार्य का प्रस्तुतीकरण करने के लिए आमंत्रित किया जावेगा। ।
3. प्रस्तावक द्वारा कार्य प्रस्तुतीकरण करने के बाद महाविद्यालय द्वारा गठित समिति के द्वारा प्रस्तावक के वर्तमान में संचालित GYM का अवलोकन किया जायेगा।
4. इसके अतिरिक्त गठित सदस्यो के द्वारा प्रस्तावको से अन्य आवश्यक जानकारी प्राप्त करने के पश्चात प्राप्त अभिमत के आधार पर चयन की कार्यवाही की जावेगाी ।

**9.** प्रस्ताव जमा करने का तात्पर्य यह लगाया जायेगा कि प्रस्तावक को महाविद्यालय की निविदा में उल्लेखित समस्त शर्ते मान्य है। प्रस्तावक द्वारा रखी गई कोई भी शर्तें मान्य नहीं की जावेगी।

**10.** सफल प्रस्तावक द्वारा GYM से संबंधित उपकरणों को महाविद्यालय के चिन्हित स्थल में पहुंचाकर निर्धारित अवधि के अंदर स्थापित करना अनिवार्य है, कार्य आदेश प्राप्त होने के बाद फर्म को महाविद्यालय के साथ एग्रीमेंट करना अनिवार्य होगा ।

**11. सफल प्रस्तावक को क्रय आदेश से 30 दिन के अंदर GYM स्थापना का कार्य पूर्ण करना होगा ।**

**12.** निविदा खोलने की निर्धारित अंतिम तिथि में समय सायं 04.00 बजे महाविद्यालय के क्रय समिति के सदस्यों एवं उपस्थित प्रस्तावकों के समक्ष खोला जायेगा।

**13.** निविदा के नियम व शर्तों में बिना कारण दर्शाये परिवर्तन का अधिकार अधिष्ठाता को रहेगा। साथ ही प्राप्त हुई प्रस्ताव अथवा समस्त प्रस्ताव को बिना कारण बताये हुये स्वीकृत या अस्वीकृत करने का अधिकार ″अधिष्ठाता पं.ज.ने.स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय रायपुर (छ.ग.)″ का होगा।

**14.** किसी भी प्रकार के विवाद की स्थिति में ″अधिष्ठाता पं.ज.ने.स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय,रायपुर (छ.ग.)″ का निर्णय अंतिम होगा ।

**15.** न्यायालयीन विवाद की स्थिति में प्रकरण रायपुर न्यायालय के क्षेत्राधिकार में होगा ।

**16.** संस्था हित में EOI की शर्तों में किसी भी समय युक्ति–युक्त संशोधन का अधिकार अधिष्ठाता, पं.ज.ने.स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय,रायपुर (कार्यालय प्रमुख) के पास सुरक्षित रहेगा।

**निविदाकर्ता (हस्ताक्षर एवं सील)**

**(Annexure- 01)**
(सील्ड लिफाफा 1 में रहेगा)

# पं.जवाहर लाल नेहरू स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय रायपुर (छ.ग.)

## आवेदन पत्र

प्रति

अधिष्ठाता
पं.जवाहर लाल नेहरू स्मृति
चिकित्सा महाविद्यालय
रायपुर (छ.ग.)

विषय :– महाविद्यालय भवन में GYM स्थापना हेतु EOI आवेदन।
संदर्भ :– पत्र क्रं. – ..........................................................................
महोदय,

उपरोक्त संदर्भित पत्र के परिपालन में मेरे द्वारा निविदा के समस्त शर्तो तथा प्रपत्र को पढ़ लिया गया है। तत्पश्चात् मेरे द्वारा सील (मुहर) अंकित कर हस्ताक्षर कर दिये गये हैं एवं वांछित समस्त जानकारी संलग्न कर दिये गये हैं। मैं उक्त समस्त शर्तों के परिपालन हेतु अपनी सहमति देता/देती हूं। मेरे द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव/दर को महाविद्यालय द्वारा स्वीकृत किया जाता है तो उपरोक्त शर्तो के अधीन वित्तीय वर्ष 2025–26 के लिये कार्य संपादित करने हेतु वचनबद्ध हूं। विवाद की स्थिति में **"अधिष्ठाता पं.ज.ने.स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय रायपुर (छ.ग.)"** का निर्णय मुझे मान्य होगा ।

**निविदाकर्ता (हस्ताक्षर एवं सील)**

**(Annexure-02)**
(सील्ड लिफाफा 1 में रहेगा)

# पं. जवाहर लाल नेहरू स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय रायपुर (छ.ग.)

## GYM स्थापना हेतु EOI के "टेक्निकल बिड प्रपत्र"

| | | |
|---|---|---|
| 1 | निविदाकर्ता फर्म का नाम व स्थायी पता | ..................................................................<br>____________________<br>.........................................................................फोन..........................<br>ई–मेल.................................................................. |
| 2 | फर्म के प्रोपराइटर / पार्टनर का नाम | .................................................................................................... |
| 3 | आवेदन शुल्क का बैंक ड्राफ्ट का विवरण | बैंक ड्राफ्ट नं....................दिनांक.....................राशि रू.......... (रू. ...........................................)<br>बैंक व शाखा का नाम...................................... |
| 4 | धरोहर राशि (EMD) बैंक ड्राफ्ट का विवरण | बैंक ड्राफ्ट नं....................दिनांक....................राशि रू...........(रू.... .........................................)<br>बैंक व शाखा का नाम...................................... |
| 5 | फर्म का PAN/GST Registration( स्वहस्ताक्षरित छायाप्रति संलग्न ) | Yes/ No |
| 6 | फर्म का पिछले तीन वित्तीय वर्षों का औसत वार्षिक टर्न ओवर राशि 50 लाख के संबंध मे पिछले तीन वर्षों (2022–23, 2023–24, 2024–25) का चार्टर्ड एकांउटेंट द्वारा जारी प्रमाण पत्र । | Yes/ No |
| 7 | फर्म के पिछले तीन वर्षों (2022–23, 2023–24, 2024–25) का इन्कम टैक्स रिटर्न गणना पत्रक (प्रमाण पत्र की स्वहस्ताक्षरित छायाप्रति संलग्न करे) | Yes/ No |
| 8 | Authorization letter from Manufacturer Company of GYM Equipment attached. | Yes/ No |
| 9 | **शपथ पत्र**–(रूपये 100 / – मूल्य के नॉनज्यूडिशियल स्टॉम्प पेपर पर)**(Annexure 03)** | Yes/ No |
| 10. | निविदाकर्ता के द्वारा स्थापित करने वाले उपकरणों की जानकारी **Annexure -05** में संलग्न | Yes/ No |
| 11. | वर्तमान में संचालित Commercial GYM की संख्या (सूची संलग्न करें) | ------ |

**निविदाकर्ता (हस्ताक्षर एवं सील)**

**(Annexure-03)**
**(**सील्ड लिफाफा 1 में टेक्निकल बिड के साथ**)**

## शपथ पत्र का प्रारूप

(रूपये 100/– मूल्य के नॉनज्यूडिशियल स्टॉम्प पेपर पर)

मैं/हम ..........................................................जो कि फर्म/एजेंसी/संस्था ...................................... पता........................ ............................................के प्रोपराईटर/संचालक (कंपनी/फर्म/संस्था) के हैसियत हैं/हूँ, और फर्म की ओर से शपथ पत्र प्रस्तुत करने के लिये सक्षम है, इस शपथ पत्र द्वारा शपथपूर्वक यह प्रमाणित करते हैं कि कार्यालय अधिष्ठाता, पं. जे.एन.एम. स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय रायपुर (छ.ग.) द्वारा आमंत्रित GYM स्थापना हेतु EOI सूचना क्रमांक .......................... दिनांक ............................................................. द्वारा निम्न शर्तों को मान्य करते हुए मेरे द्वारा निविदा प्रपत्र के साथ जो जानकारी एवं प्रमाण पत्र/अभिलेख/दस्तावेज प्रस्तुत किया गया है वह सत्य एवं सही है। एतद् संबंधी जानकारियों अभिलेखों एवं प्रमाण पत्रों की सत्यता के लिए मैं पूर्ण रूप से उत्तरदायी रहूंगाः–

1. यह कि निविदा प्रपत्र में दी गई जानकारी तथा संलग्न किये गये समस्त दस्तावेज पूर्णतः सत्य एवं प्रमाणित है।
2. यह कि मेरे :–

   (अ) आवेदन शुल्क एवं ई.एम.डी. के रूप में जमा की गई डिमांड ड्राफ्ट अन्य संबंधित दस्तावेज जो बैंक के द्वारा प्रदाय किये गये है वे बैंक से प्रमाणित है।

   (ब) वित्तीय अर्हतायें एवं वार्षिक टर्नओव्हर की जानकारी सही है।

   (स) विभिन्न भौतिक अर्हताओं की जानकारी सही है।
3. मैं/उक्त फर्म भारत सरकार/अन्य राज्यों के राज्य सरकार/राज्य सरकार के किसी भी विभाग में काली सूची **(Black Listed)** में सम्मिलित नहीं हूँ/है या डिबार नहीं किया गया हूं/है।
4. यह कि मेरे/हमारे/फर्म के विरूद्ध अपराधिक प्रकरण कही भी पंजीबद्ध नहीं है।
5. यह कि निविदा प्रपत्र में अंकित दरें भारतीय रूपयों में है।
6. यह कि प्रस्तावित किये जाने वाले दर पर उच्च गुणवत्ता की वस्तुएँ/सेवा देने हेतु संस्थान प्रतिबद्ध है।
7. निविदा की समस्त नियम/शर्ते स्वीकार है।

प्रो./फर्म
हस्ताक्षर मय सील

**नोटरी द्वार सत्यापित**

**(Annexure-04)**
(सील्ड लिफाफा 1 में टेक्निकल बिड के साथ)

कम्पनी / संस्थानों / फर्म का नाम.......................................................................................

निविदाकर्ता के द्वारा स्थापित करने वाले उपकरणों की जानकारी

| क. | स्थापित करने वाले उपकरण का नाम | उपकरण का उपयोग | संख्या | वारंटी अवधि वर्षो में | फर्म के द्वारा वारंटी अवधि के बाद कितने वर्षो तक उपकरण रखरखाव की सर्विस प्रदाय की जा सकती है |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |
| | | | | | |

.
.
.
.
.
.
.

निविदाकर्ता (हस्ताक्षर एवं सील)

(नोट– निविदाकर्ता के द्वारा GYM से संबंधित जितने भी उपकरण स्थापित करने का प्रस्ताव है उन सभी उपकरणों की सूची अनिवार्य रूप से प्रदाय करे । उपकरणों की जानकारी English में भी दे सकते हैं )